# फ्लेक्सिबल पैकेजिंग की दिग्गज यूफ्लेक्स ने कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने के लिए क्रेड्यूस के साथ साझेदारी की

### ~ 2024 के अंत तक लगभग 175,000 टन कार्बन उत्सर्जन को कम किया जाएगा~

**(नोएडा, भारत), 22 सितंबर 2022:** भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक भारत को नेट जीरो बनाने की प्रतिबद्धता से देश का कॉरपोरेट नेतृत्व कार्बन बाजार में बहुत उत्साहित है।



इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, अपने-अपने क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी दो कंपनियों ने इस सपने को साकार करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। **फ्लेक्सिबल (लचीली) पैकिंग सामग्री और समाधान के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी 'यूफ्लेक्स' ने भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कार्बन क्रेडिट कंसलटेंसी 'क्रेड्यूस' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है और इसे अपना सलाहकार भागीदार बनाया ताकि एंड-टू-एंड 'कार्बन न्यूट्रैलिटी' हासिल की जा सके।** इसके अंतर्गत कार्बन फुटप्रिंट और न्यूट्रैलिटी को समझना और उसका विश्लेषण करना होगा, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत और मान्यता प्राप्त मंच पर कार्बन और प्लास्टिक क्रेडिट बैलेंस बनाया जाएगा और उसे औपचारिक रूप दिया जाएगा। यह स्थायी विकास लक्ष्य का भाग होगा जिसमें सस्टेनेबिलिटी के लिए रोडमैप बनाने के साथ- साथ और भी बहुत कुछ किया जाएगा।

सामाजिक रूप से जिम्मेदार एक कॉरपोरेशन के रूप में, यूफ्लेक्स भविष्य के लिए तैयार, आधुनिक टेक्नोलॉजी से संचालित समाधान बनाने में अग्रणी रहा है। एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में अपनी खोज के तहत कंपनी ने क्रेड्यूस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एक समझौता करने की घोषणा की है। इस प्रतिबद्धता के साथ, यूफ्लेक्स अपनी श्रेणी की सबसे बड़ी फर्म बन जाएगी जो पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी। इसके तहत एक समयबद्ध रणनीति का सह निर्माण करना होगा, जिसकी शुरुआत उनके लचीले पैकेजिंग डिविजन से होगी और उसके बाद समूह के अन्य डिविजन का नंबर आएगा।



**यूफ्लेक्स में फ्लेक्सिबल पैकेजिंग बिजनेस के ज्वाइंट प्रेसिडेंट श्री जीवराज पिल्लई का कहना है,** "हम हमेशा अपने समूह को स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध थे, विशेष रूप से स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन में कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के लिए। हम पूरे समूह में वर्ष 2024 के अंत तक लगभग 175,000 टन कार्बन उत्सर्जन के बराबर कटौती करना चाहते हैं। हमारी सीएसआर पहल के माध्यम से, हम अपने लिए निर्धारित कड़े ईएसजी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न सामुदायिक विकास और आउटरीच कार्यक्रमों को लागू करने के भी इच्छुक हैं।"

**यूफ्लेक्स के फ्लेक्सिबल पैकिंग बिजनेस में महाप्रबंधक- एचआर एवं सस्टेनेबिलिटी, मानस कुमार सरकार कहते हैं,** "सामाजिक पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी पिछले कुछ समय से हमारे मुख्य संगठनात्मक मूल्यों में से एक रहा है और हमने हमेशा अपने कामकाज के सभी क्षेत्रों में इसे व्यक्त और आत्मसात किया है।"

इसके अलावा, यूफ्लेक्स ने क्रेड्यूस की सलाह से अपनी सस्टेनेबिलिटी पहल का लाभ उठाने और कार्बन क्रेडिट अर्जित करने का इरादा किया है। **यूफ्लेक्स** अपनी वैश्विक स्थिरता की पहल, 'प्रोजेक्ट प्लास्टिक फिक्स' के साथ इस प्रयास को आगे बढ़ाती रही है, जिसमें एमएलपी रीसाइकिलिंग (पुनर्चक्रण) औद्योगिक और उपभोक्ता उपयोग के बाद के प्लास्टिक कचरे को दानों में परिवर्तित करना, पीसीआर ग्रेड फिल्म एस्क्लेपियस का निर्माण (पी.ई.टी. बोतलों को अपसाइकिल करके) और बायोडिग्रेडेबल लैमिनेट्स (जो एक निश्चित अवधि के भीतर बिना पैकिंग कचरे को उर्वरक में बदल देगा), प्लास्टिक के लाभ को पुनः बहाल करना, और एक सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बनाना शामिल है। यूफ्लेक्स अपने व्यवसायों में ग्रीन इंक्स, वाटर-बेस्ड एडहेसिव्स, पीसीआर फिल्म्स, एम.एल.पी रिसाइकलिंग मशीन्स, वाटर-बेस्ड सिलेंडर्स, अलु-अलु ब्लिस्टर पैक्स और कई अन्य पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों (ग्रीन प्रोडक्ट्स) की पेशकश करता है, जो उनकी पर्यावरणीय प्रतिबद्धता की गवाही देते हैं।

**क्रेड्यूस के निर्देशक शैलेंद्र सिंह राव कहते हैं,** *"इस तरह के उद्योग के दिग्गजों को स्थिरता और कार्बन तटस्थता की दिशा में बड़ी छलांग लगाते हुए देखना एक बहुत बड़ा सम्मान और उत्साह है। क्रेड्यूस में हम यूफ्लेक्स जैसे संगठनों के बीच कार्बन क्रेडिट अर्जित करने की अपार संभावनाएं देखते हैं। हम नेट जीरो कार्बन फुटप्रिंट की दिशा में एक रणनीति बनाने में सक्षम होंगे।*

*कार्बन क्रेडिट के इन उपार्जनों को सामुदायिक विकास पहल जैसे धुंआ रहित कुक-स्टोव और स्वच्छ पेयजल के साथ जोड़ा जाएगा। यूफ्लेक्स जैसी कंपनियां दूसरी कंपनियों के अनुसरण के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है।"*

कई अध्ययनों ने #प्लास्टिक के पर्यावरणीय प्रभाव को संबोधित किया है, लेकिन #प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन #स्थायी उत्पादन प्रक्रियाओं पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम किया जा सके और ऐसे कदम जो सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव जैसे ग्रीनहाउस गैस (जी.एच.जी) उत्सर्जन में कमी लाएंगे। उपरोक्त सभी को ध्यान में रखते हुए, दुनिया भर के संगठन लगातार कार्बन तटस्थता और नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर बढ़ रहे हैं। समझौता ज्ञापन स्थिरता लक्ष्य को प्राप्त करने और भारत को पर्यावरणीय लड़ाई का नेतृत्व करने में मदद करने की दिशा में कॉरपोरेट भारत की प्रगति की पुष्टि करता है।

**यूफ्लेक्स के विषय में:**

यूफ्लेक्स भारत की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय लचीली पैकिंग सामग्री और समाधान कंपनी है और प्लास्टिक और पॉलीमर विज्ञान में एक वैश्विक खिलाड़ी है। 1985 में अपनी स्थापना के बाद से, यूफ्लेक्स लगातार मजबूत हुआ है और पैकिंग मूल्य श्रृंखला के सभी कार्यक्षेत्रों में एक उपस्थिति बनाई है। ये हैं - फ्लेक्सिबल पैकिंग, पैकिंग फिल्म्स, एसेप्टिक लिक्विड पैकिंग, होलोग्राफी, प्रिंटिंग सिलेंडर, इंजीनियरिंग और रसायन। 150 से अधिक देशों में एफएमसीजी, कंज्यूमर प्रोडक्ट गुड्स, फार्मास्यूटिकल्स, बिल्डिंग मटेरियल्स, ऑटोमोबाइल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कई फॉर्च्यून 500 ग्राहकों को एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करके, यूफ्लेक्स ने भारत और विदेशों के "पैकिंग उद्योग" में अपनी सीमाओं को परिभाषित करने के लिए एक बेदाग प्रतिष्ठा स्थापित की है। इसके 10,000+ बहु-सांस्कृतिक कर्मचारी अभिनव, मूल्य वर्धित और स्थायी पैकिंग समाधान विकसित करने के लिए काम करते हैं। नोएडा मुख्यालय वाले यूफ्लेक्स की परिष्कृत विनिर्माण सुविधाओं के साथ वैश्विक पहुंच है। इनमें भारत, संयुक्त अरब अमीरात, मैक्सिको, मिस्र, अमेरिका, पोलैंड, रूस, नाइजीरिया और हंगरी शामिल हैं। अपने उत्पादों की उत्कृष्टता, नवाचार और सस्टेनेबिलिटी के लिए विभिन्न प्रमुख वैश्विक पुरस्कारों का विजेता, यूफ्लेक्स 1995 में दावोस रीसाइकिल फोरम में अपनी पहचान अर्जित करने वाली 'मिश्रित प्लास्टिक कचरे को पुनर्चक्रण करने वाली दुनिया की पहली कंपनी' बन गई। अधिक जानकारी के लिए, यहां क्लिक करें: www. uflexltd.com

**क्रेड्यूस के विषय में**

क्रेड्यूस एक वृहद पैमाने वाला संगठन है जिसका मुख्यालय अहमदाबाद (गुजरात) में है, जिसमें उच्च योग्य और अनुभवी पेशेवरों की सिफारिश योग्य विशेषज्ञता है। 12000+ मेगावाट अक्षय ऊर्जा और अन्य परियोजनाओं और 500+ ग्राहकों के साथ, क्रेड्यूस को विशिष्ट रूप से भारत के प्रतिष्ठित और अग्रणी ज्ञान और प्रौद्योगिकी-आधारित सेवा प्रदाता के रूप में मान्यता प्राप्त है। सेवाओं का क्षेत्र विभिन्न अक्षय ऊर्जा, पर्यावरण, और जलवायु परिवर्तन मिटिगेशन एडवायजरी और बहुमुखी डोमेन में कार्बन क्रेडिट विकास और व्यापारिक सेवाओं पर केंद्रित है।

**मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया संपर्क करें:** corpcomm@uflexltd.com